भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2714

उत्तर देने की तारीख 14 दिसम्बर, 2021

23 अग्रहायण, 1943 (शक)

इंडियन फैंटसी स्पोर्ट्स के लिए केवाईसी

2714. डॉ. संजय जायसवाल:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में कौनसी नोडल एजेंसी देश में फैंटेसी स्पोर्ट्स सेक्टर को देखती और नियंत्रित करती है;

(ख) क्या सरकार फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस) जैसे संगठनों को नोडल एजेंसी के रूप में प्राधिकृत करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म पर लॉगइन करते समय आधार कार्ड और पैन कार्ड को जोड़ने के साथ-साथ पहचान सत्यापित करना अनिवार्य कर दिया है;

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या कुछ फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म के लिए 'नो योर कस्टमर' (केवाईसी) की आवश्यकता तभी होती है, जब खिलाड़ी गेमिंग अकाउंट से पैसे निकालना चाहता है;

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ज) सरकार द्वारा फैंटेसी स्पोर्ट्स में प्रवेश के समय पहचान के सत्यापन को अनिवार्य करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग): युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने फैंटेसी स्पोर्ट्स को नियंत्रित करने के लिए किसी भी एजेंसी को अधिकृत नहीं किया है।

(घ) से (ज): सट्टेबाजी और जुआ भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची (प्रविष्टि 34) की सूची ।। के अंतर्गत आते हैं, जिसके लिए कानून बनाने का अधिकार राज्य के पास है।

***